राष्ट्रीय पिछडा वर्ग वित्त एवं विकास निगम

महिला समृद्धि योजना - कामरूप, असम

सफलता की कहानी

लाभार्थी का नाम	**श्रीमती नमिता तालुकदार**
जिला एवं राज्य	**कामरूप, असम**
योजना का नाम	**महिला समृद्धि योजना**
ऋण स्वीकृति का वर्ष	**2020**
ऋण राशि	**रू. 95,000/-**
गतिविधि /व्यवसाय	**हथकरघा**
राज्य चैनेलाईजिंग एजेंसी का नाम	**अपैक्स वीवर्स कोआपरेटिव फेडरेशन लि. (आर्टफेड)**

यह सफलता की कहानी एक ऐसी महिला की है जो असम के कामरूप जिले के एक छोटे से गांव-जियाकुर की रहने वाली हैं। यह पिछड़ी जाति से संबंधित हैं तथा लूम पर बुनाई कार्य इनका पैत्रक कार्य रहा है। अब यह शादी-शुदा हैं किन्तु लूम पर बुनाई का कार्य इन्होंने अपने माइके में ही सीखा था। इसे एक संयोग ही कहेंगे कि इनके पति भी एक अच्छे बुनकर हैं। पहले से आजीविका का माध्यम लूम पर बुनाई ही है। वे बताती हैं कि NBCFDC की ऋण सहायता मिलने से पहले हमारी आय लगभग 12 हजार रूपए प्रति माह थी और कठिनाई से ही घर का खर्च चल पाता था। वे आगे बताती हैं कि आय कम होने का प्रमुख कारण यह था कि हमारे पास बुनाई लूम परंपरागत तरीका था जिनपर न ही अच्छा उत्पादन हो पाता था और न ही अच्छी गुणवत्ता वाला सामान तैयार हो पाता था। नमिता और उनके पति किसी सहायता की तलाश में थे जिससे उनकी आमदनी बढ़ सके और परिवार के दायित्वों का निर्वहन ठीक प्रकार से हो सके।

श्रीमती नमिता बताती हैं कि यह वर्ष 2019 का अंतिम माह था। गाँव में ही असम अपैक्स वीवर्स कोआपरेटिव फेडरेशन लि. (आर्टफेड) द्वारा एक जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ जिसमें राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम (NBCFDC), नई दिल्ली की योजनाओं के बारे में पता चला। माइक्रो फाइनेन्स योजना के अंतर्गत संचालित 'महिला समृद्धि' योजना अच्छी लगी और मेरे लिए यह सुविधाजनक भी थी अतः मैंने 'महिला समृद्धि' योजना के अंतर्गत ऋण आवेदन भर कर जमा कर दिया। माह जनवरी, 2020 में मुझे 95,000/- रूपए का ऋण स्वीकृत किया गया। यह पल मेरे और मेरे परिवार के लिए बहुत ही सुखद था। अब मुझे कामयाबी के लिए आशा की किरण नज़र आ रही थी। मेरे परिवार के लिए यह सहायता एक ऐसी इच्छा की पूर्ति करने वाली थी जो मुझे दिवा स्वप्न प्रतीत होती थी।

श्रीमती नमिता बताती हैं कि NBCFDC की राज्य चैनेलाइजिंग एजेंसी-आर्टफेड की सहायता से हमने एक लूम खरीदा। आर्टफेड के यार्न बैंक से यार्न खरीद पर 30% की छूट भी प्राप्त होती है और आर्टफेड हमारे लगभग 80% उत्पाद अच्छी कीमत पर खरीद लेता है। इस प्रकार से NBCFDC एवं आर्टफेड की सहायता मेरे और मेरे परिवार के लिए वरदान साबित हो रही है। अब मेरे परिवार में खुशहाली है और मेरी आय पहले की तुलना में लगभग 2 गुना हो गई। अब लगभग 24-25 हजार प्रति माह कमाई हो रही है। इस आय से मेरे परिवार का अच्छा खर्च चल रहा है और मैं भविष्य के लिए कुछ बचा भी पा रही हूँ। मेरा परिवार भी मेरे कार्य में पूरा सहयोग करता है।

श्रीमती नमिता निगम की योजनाओं के बारे में दूसरों को भी बताती हैं और उन्हें योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करती हैं। वे कहती हैं –''मैं और मेरा परिवार NBCFDC और आर्टफेड को बहुत-बहुत धन्यवाद प्रेषित करती हूँ और आशा करती हूँ कि निगम की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचेगा और लोग गरीबी से बाहर निकल सकेंगे''।